# धनतेरस पर बाजार में खरीदी करने उमड़े लोग



**नवभारत न्यूज**

**विदिशा 18 अक्टूबर, धनतेरस पर बाजार में जमकर खरीदारी हुई.जिसमें ऑटोमोबाइल, कपड़ा बाजार और सराफा बाजार में भी खरीदी के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे.लंबे समय बाद बाजार में अच्छी खासी चहल-पहल देखने को मिली.वहीं बाजार में पुलिस प्रशासन द्वारा दीपावली पर्व को लेकर बड़े-बड़े वाहनों की एंट्री पर रोक लगा दी गई है.इस दौरान लोग दो पहिया वाहन भी बाजार में बड़ी मुश्किल से निकाल पा रहे थे.बाजार की स्थिति ऐसी थी कि पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा था और लोग धीरे-धीरे दुकानों पर पहुंचकर अपनी पसंद की सामग्री खरीदते हुए दिखाई दिए.**

इलेक्ट्रॉनिक बाजार, सराफा बाजार, कपड़ा बाजार और मिठाइयों की दुकानों पर अच्छी खासी चहल-पहल देखी गई.लोगों ने धनतेरस के अवसर पर अपने घरों पर पूजा अर्चना की और परिवार की सब समृद्धि की कामना की.धनतेरस के अवसर पर बाजार में मानो ऐसा लग रहा था जैसे पूरा शहर खरीदारी करने के लिए उमड़ पड़ा है.जैसे-जैसे शाम ढलती जा रही थी वैसे-वैसे ही बाजार में लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही थी.धनतेरस के अवसर पर ग्राहकों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर और आकर्षित स्कीम लागू की गई हैं. जिससे कि लोग अपनी आवश्यकता की वस्तु आसानी से खरीद सकें.इस दौरान कपड़ा बाजार, सोना चांदी बाजार, इलेक्ट्रॉनिक बाजार, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहनों जमकर खरीदारी की गई.दो पहिया वाहन शोरूमों पर अपनी पसंद के अनुसार बड़ी संख्या में लोग वाहन खरीदने के लिए पहुंचे.इसी प्रकार सोना चांदी, कपड़ा बाजार और इलेक्ट्रॉनिक बाजार में भी लोगों द्वारा जमकर खरीदारी की गई.

## फटाखा बाजार में खरीदारी का दौर शुरू

रामलीला बेला परिसर में पटाखा बाजार लगाया गया है.इस दौरान लोग अपनी आवश्यकताओं के अनुसार रंग बिरंगी आतिशबाजी खरीदने के लिए पहुंचे.इसके साथ ही विधायक मुकेश टंडन पटाखा बाजार पहुंचे और सभी व्यापारियों सहित नगर के लोगों को धनतेरस और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दी.साथ ही उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के इंतजामों को भी देखा.इस दौरान वह सभी व्यापारियों से मिले और उन्हें शुभकामनाएं दी.पटाखा व्यापारी रुपेश तिवारी ने बताया कि महंगाई के कारण पटाखों के दाम बढ़ते जा रहे हैं और लोग पहले यहां बड़ी मात्रा में पटाखे खरीदने आते थे, लेकिन अब वह काम पटाखे खरीद कर ही काम चला रहे हैं.

## सोने के वर्क से बनी मिठाई की डिमांड़

दीपावली पर्व के अवसर पर लोगों की पसंद और स्वास्थ की चिंता करते हुए मिठाई दुकान संचालकों द्वारा शुद्धता का ध्यान रखा जा रहा है.लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार सभी प्रकार की मिठाइयां बनाई गई हैं.इस दौरान राजस्थान मिठाई संचालक रामू जाट ने बताया कि सोने के वर्क लगाकर बनायी गयी मिठाई की खूब डिमांड रहीं. सांची रोड स्थित गोपाल मिष्ठान संचालक अंकित नेमा ने बताया कि लोगों की आवश्यकताओं के अनुसार पसंद को ध्यान में रखते हुए शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया गया है .

# पूजे गए धन के देवता भगवान कुबेर



धनतेरस पर धन के देवता कुबेर की पूजा आयुर्वेद के जनक भगवान धन्वंतरि की पूजा के साथ की जाती है.विदिशा जिला संग्रहालय में कुबेर भगवान की 13 से 14 फीट ऊंची पत्थर से निर्मित प्रतिमा मौजूद है.विशेष अनुमति लेकर जिला संग्रहालय में कुछ युवाओं ने भगवान कुबेर की पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की.सुशील शर्मा ने बताया कि वह अपने साथी पंकज जैन, अमित श्रीवास्तव, अर्पित उपाध्याय, मनजीत सिंह और अन्य लोगों के साथ हर साल यहां पूजा करते चले आ रहे हैं.भगवान कुबेर धन-धान्य के देवता माने जाते हैं उनकी पूजा अर्चना से वैभव यश कीर्ति मिलती है.उन्होंने कहा कि भगवान कुबेर की प्रतिमाएं चार स्थानों राजस्थान के भरतपुर, उप्र के मथुरा, बिहार के पटना और मध्यप्रदेश के विदिशा में हैं.यह विदिशा वासियों का सौभाग्य है कि हम पर भगवान कुबेर की कृपा हर क्षेत्र में बरस रही है.उन्होंने कहा कि शास्त्रों में कहा गया यदि कुबेर जी की कृपा दृष्टि जिस व्यक्ति पर हो जाए उसकी खाली तिजोरी कब भर जाती है मालूम ही नहीं पड़ता.

# शिविर में दिव्यांगजनों के बने प्रमाण पत्र

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** ग्राम पंचायत मुगलसराय में बुधवार को दिव्यांग प्रमाणपत्र हेतु खण्ड स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में 74 दिव्यांगजनों का यूडीआईडी कार्ड हेतु पंजीयन किया गया. जिनमें 18 वर्ष से अधिक आयु वाले 68 दिव्यांगजनों और 18 वर्ष से कम आयु वाले 6 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया. कन्या पूजन कर किया गया. इस मौके पर जनप्रतिनिधियों ने दिव्यांगजनों पर पुष्प वर्षा कर उनका सम्मान किया. शिविर में पूर्व जनपद अध्यक्ष डॉ. संजीव माथुर, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि हमीर सिंह यादव, जनपद सदस्य प्रतिनिधि प्रशांत पालीवाल, जनपद सदस्य दयाराम लोधी, रामबाबू अहिरवार, सीईओ आशीष अग्रवाल, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी आदर्श विश्वकर्मा, जिला मेडिकल बोर्ड की टीम व डीडीआरसी विदिशा से भी चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.














